दिनांक 31.12.2021 को आयोजित **Rural Enterprise Acceleration Project-REAP** (ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना) की **High Power Committee (HPC)/Steering Committee** की प्रथम बैठक का कार्यवृत्त

ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना **(Rural Enterprise Acceleration Project-REAP)** की **High Power Committee (HPC)/Steering Committee** की प्रथम बैठक दिनांक 31.12.2021 को अपराह्न 3.30 बजे डा0 एस0एस0सन्धू, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, **High Power Committee (HPC)/Steering Committee** की अध्यक्षता में मुख्य सचिव सभागार, सचिवालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:–

उपस्थित सदस्यों/प्रतिनिधि का विवरण :–

1. अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण के प्रतिनिधि श्रीमती नेहा वर्मा, अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण–सदस्य।
2. अपर मुख्य सचिव, जलागम के प्रतिनिधि, डा0 डी0एस0रावत, उप निदेशक, WMD–सदस्य।
3. मुख्य परियोजना निदेशक, UGVS-REAP, डा0 आर0 मीनाक्षी सुन्दरम–सदस्य सचिव।
4. सचिव, कृषि, उद्यान, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन, डा0 आर0मीनाक्षी सुन्दरम्– सदस्य।
5. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन श्री एस0ए0मुरूगेशन–सदस्य।
6. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड, श्री आनन्द स्वरूप–सदस्य।
7. परियोजना निदेशक, UGVS-REAP, श्रीमती रीना जोशी–सदस्य।
8. सचिव, कार्मिक के प्रतिनिधि श्री एस0एस0वाल्दिया, अपर सचिव, कार्मिक–सदस्य।

अन्य आमंत्रियों की उपस्थिति का विवरण :–

1. निदेशक ,वित्त UGVS-REAP, श्री जे0सी0जोशी।
2. उप निदेशक, मानव संसाधन व प्रशिक्षण, UGVS-REAP, श्री एम0एस0यादव।

ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (Rural Enterprise Acceleration Project-REAP) की High Power Committee (HPC)/Steering Committee के सदस्य सचिव तथा मुख्य परियोजना निदेशक, UGVS-REAP डा0 आर0मीनाक्षी सुन्दरम् द्वारा HPC/Steering Committee की प्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों व अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है :–

HPC-1: कार्यवृत्त 1— Rural Enterprises Acceleration Project (REAP) की स्वीकृति का Status :

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) के सफल संचालन के उपरान्त उत्तराखण्ड के सभी 95 विकासखण्डों में ILSP तथा USRLM के समूहों के साथ ग्रामीण उद्यमों की स्थापना हेतु भारत सरकार एवं IFAD द्वारा Rural Enterprises Acceleration Project (REAP) की स्वीकृति प्रदान की गई है। REAP परियोजना हेतु IFAD व भारत सरकार के मध्य ऋण अनुबन्ध (Financing Agreement) माह जनवरी 2022 में निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है। REAP परियोजना की निम्नानुसार वित्तीय संरचना से समिति को अवगत कराया गया:–

(धनराशि रू. करोड़ में)

Financier	GoUK	Convergence	IFAD	UPASAC	Banks	Beneficiaries	Private Sector	Total
(INR - Cr.)	187.09	352.88	771.75	2.48	1378.04	88.58	8.46	**2,789.27**
%	6.70%	12.70%	27.70%	0.10%	49.40%	3.20%	0.30%	100%

उपरोक्त के क्रम में समिति को यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 03.12.2021 को IFAD के साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार के Delegation द्वारा Loan Negotiation किया गया है। Loan Negotiation के उपरान्त Minutes of Negotiation, तथा Financing Agreement व Project Agreement की ड्राफ्ट प्रति सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

समिति उपरोक्तानुसार REAP परियोजना की स्वीकृति के Status से अवगत हुई तथा Bank Financing की 49.40% धनराशि पर चर्चा उपरान्त निर्देश दिए गए कि जो गतिविधियॉ छूट आधारित स्कीम में Co-operative बैंक द्वारा आच्छादित की जा सकती हैं उनके लिए Co-operative बैंक से ऋण उपलब्ध करवाए जाए तथा शेष गतिविधियों हेतु अन्य बैंकों से सेवाएं ली जाए। इसी कम में तकनीकी सलाहकार समिति में संस्थाओं के ऐसे Expert रखने के निर्देश दिए गए जो कि परियोजना को उचित समय दे सकें।

HPC-1: कार्यवृत्तः2—ऋण अनुबन्ध से पूर्व Project Readiness Checklist में निर्धारित कार्यों के अन्तर्गत HR Agency व Management Consultant Firm (MCF) के चयन हेतु RFP का अनुमोदन तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतिः

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि REAP परियोजना हेतु ऋण अनुबन्ध निष्पादन से पूर्व Project Readiness Checklist में निर्धारित कार्यो के अन्तर्गत परियोजना हेतु Key Staff की नियुक्ति के साथ–साथ HR Agency तथा Management Consultant Firm (MCF) का चयन किया जाना भी निर्धारित है।

उपरोक्त के क्रम में समिति के संज्ञान में लाया गया कि REAP परियोजना की राज्य स्तरीय परियोजना प्रबन्धन इकाई (PMU) के गठन अन्तर्गत REAP में स्वीकृत ढांचा में मुख्य परियोजना निदेशक UGVS-REAP, परियोजना निदेशक REAP, निदेशक वित्त UGVS-REAP व निदेशक Convergence UGVS-REAP तथा उपनिदेशक, मानव संसाधन व प्रशिक्षण UGVS-REAP के पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है।

REAP परियोजना के ढांचा में HR Agency के माध्यम से कुल 492 स्टॉफ को रखा जाना है तथा Business Development & Sales व Production Value Chain आदि Backward एवं Forward Linkages के लिए Management Consultant Firm को रखा जाना है। जिसके पास विभिन्न Domains के 78 Consultants होंगे।

उक्त फर्मों के चयन में HR Agency के चयन हेतु RFP तथा Management Consultant Firm (MCF) हेतु RFP सदस्यगणों के अवलोकनार्थ व समिति द्वारा अनुमोदनार्थ तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करते हुए समिति को अवगत कराया गया कि **HR Agency के माध्यम से 492 स्टॉफ की सेवाएं एक वर्ष लेने पर रू0 17.5 करोड़ +GST तथा MCF फर्म पर लगभग रू0 8.00 करोड़ +GST का वार्षिक का व्यय अनुमानित है। समिति को अवगत कराया गया कि प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए HR Agency तथा MCF फर्म का चयन प्रस्तावित है। चयनित HR Agency तथा MCF फर्म की Performance के आधार पर आगामी दो वर्ष तक वार्षिक आधार पर समय अवधि को बढ़ाया जाना प्रस्तावित है।**

समिति द्वारा HR Agency व MCF के चयन हेतु उपरोक्तानुसार RFP का अनुमोदन तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई तथा समस्त चयन प्रकिया हेतु मुख्य परियोजना निदेशक, UGVS-REAP को समिति द्वारा अधिकृत किया गया।

HPC-1: कार्यवृत्तः3– सदस्य सचिव, HPC/Steering Committee को वित्तीय शक्तियों का प्रतिनिधायनः

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वाह्य सहायतित परियोजनाओं के अधिकारियों की वित्तीय शक्तियां उत्तराखण्ड शासन के वित्त अनुभाग–7 के शासनादेश संख्या 86/xxvii(7)36/2010-11/2018 दिनांक 08.03.2019 के द्वारा निर्धारित की गई है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड शासन, ग्राम्य विकास अनुभाग–2 के कार्यालय आदेश सं0 1647/xi/21/56(43)2021 दिनांक 22.12.2021 के द्वारा REAP परियोजना हेतु HPC का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य परियोजना निदेशक सदस्य सचिव हैं। इस क्रम में दिनांक 08.03.2019 के शासनादेश में सदस्य सचिव/परियोजना निदेशक के लिये प्राविधानित वित्तीय/प्रशासनिक अधिकार मुख्य परियोजना निदेशक UGVS-REAP/सदस्य सचिव HPC/Steering Committee, REAP में निहित होंगे। वित्त अनुभाग–7 के उक्त दिनांक 8.03.2019 के शासनादेश के बिन्दु सं0 9 के Schedule of Power की तालिका के बिन्दु सं0 29 पर उल्लेखित Sanction/Delegation of Power के अनुरूप मुख्य परियोजना निदेशक, UGVS-REAP/सदस्य सचिव, HPC द्वारा परियोजना निदेशक, UGVS-REAP/अधीनस्थ अधिकारियों को वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार प्रतिनिधायन किये जायेगें।

समिति उपरोक्त से अवगत हुई एवं वित्त अनुभाग–7 के दिनांक 8.03.2019 के शासनादेश के बिन्दु सं0 9 के Schedule of Power की तालिका के बिन्दु सं0 29 पर उल्लेखित Sanction/Delegation of Power के अनुरूप परियोजना के सुचारू संचालन हेतु परियोजना निदेशक, UGVS-REAP/अधीनस्थ अधिकारियों को यथा आवश्यक वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों के प्रतिनिधायन हेतु सुझाव दिया गया।

HPC-1: कार्यवृत्तः4–Project Readiness Checklist में निर्धारित कार्यों को समयान्तर्गत सम्पन्न कराने हेतु Consultant व उपनल स्टाफ रखने का अनुमोदनः

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि कि REAP परियोजना का प्रारम्भ माह अप्रैल 2022 से प्रस्तावित है तथा ILSP परियोजना दिनांक 31.12.2021 को समाप्त हो रही है। जनवरी से मार्च 2022 के मध्य REAP हेतु Project Readiness Checklist के अन्तर्गत निर्धारित कार्यों को पूर्ण किया जाना है तथा ILSP के उत्पादक समूहों व आजीविका संघों की Continuity बनाये रखने एवं उनका REAP परियोजना के उद्यमों के विभिन्न Domains में Orientation, व सशक्तीकरण कराये जाने की भी आवश्यकता है, जबकि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्यनजर HR Agency के चयन तथा तदोपरान्त स्टॉफ को रखे जाने में लगभग 03 माह का समय लगने की सम्भावना है।

उपरोक्त के क्रम में सदस्यगण को अवगत कराया गया कि ILSP में प्रबन्धक व सहायक प्रबन्धक के पदों पर कार्यरत रहे 46 अनुभवी स्टॉफ ILSP परियोजना की समाप्ति पर जनवरी 2022 से उक्त कार्यों हेतु उपलब्ध है। इस क्रम में उक्त 46 प्रबन्धकीय स्टॉफ की सलाहकार के रूप में सेवाएं निम्नाकिंत कार्यों हेतु ली जानी उचित प्रस्तावित है:–

1. उत्पादक समूहों व आजीविका संघों की continuity बनाये रखना।
2. HR agency व MCF का procurement Process complete करना।
3. वर्ष 2022–23 का procurement Plan तैयार कर 15 मार्च 2022 से पुर्व IFAD से अनुमोदित कराना।
4. Accounting software develop करना।
5. Project MIS develop करना।
6. फील्ड स्तर पर ग्रामीण उद्यम के विभिन्न domains में सामुदायिक संगठनों का orientation
7. जनपद स्तर पर REAP परियोजना कार्यालय स्थापित करना तथा ILSP के assets आदि को REAP में उपयोग हेतु व्यवस्थित करना।

इसी क्रम में सदस्यगण को यह भी अवगत कराया गया कि REAP परियोजना के स्वीकृति ढांचे के शासनादेश संख्या 1485/xi-2/21/56(43)2021 दिनांक 03.11.2021 के बिन्दु संख्या 04 के उपबिन्दु 06 के अन्तर्गत परियोजना सहायक/सुरक्षाकर्मी/ड्राइवर/परिचारक के पदों हेतु निर्धारित सेवाएं/UPNL/PRD/HR Agency/अन्य आउटसोर्स के माध्यम से नियमानुसार भरे जाने का प्राविधान है। उक्त के क्रम में ILSP में उपनल/PRD आदि के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को REAP परियोजना में स्वीकृत उपरोक्त सहायक सेवाओं हेतु उपनल/PRD के माध्यम से रखा जाना प्रस्तावित है।

समिति द्वारा उक्त 46 प्रबन्धकीय कार्मिकों को एक–एक करके Evalute करने के उपरान्त यथा आवश्यकता उनको सलाहकार के रूप में जनवरी से मार्च 2022 तक अथवा HR Agency द्वारा स्टाफ चयन जो भी पहले हो, के समय तक के लिये प्रस्तावित मानदेय (सीनियर सलाहकार रू0 4000/– प्रति दिन तथा सलाहकार रू0 2500/– प्रतिदिन के मानदेय पर) माह में अधिकतम 20 दिन की सेवाओं हेतु रखने तथा उपनल/PRD आदि के माध्यम से कार्यरत स्टाफ को REAP परियोजना में उन्हें उनकी वर्तमान सम्बन्धित संस्थाओं के माध्यम से सहायक सेवाओं पर रखने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

HPC-1: कार्यवृत्तः5—जनवरी से मार्च 2022 की अवधि हेतु REAP के Retroactive Fund के अन्तर्गत कार्ययोजना का अनुमोदनः—

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि REAP परियोजना का प्रारम्भ अप्रैल 2022 से प्रस्तावित है। भारत सरकार के Department of Economic Affairs (DFA) द्वारा निर्धारित तिथि को परियोजना का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परियोजना के ऋण अनुबन्ध से पूर्व Project Readiness Checklist के अन्तर्गत कार्यों का निर्धारण तथा उक्त कार्यों के सम्पादन हेतु 01 मिलियन डॉलर (रू0 7.3 करोड़) के Retroactive Fund का प्राविधान किया गया है।

इस क्रम में Project Readiness Checklist के अन्तर्गत निर्धारित कार्यों के सम्पादन हेतु माह जनवरी 2021 से मार्च 2022 (तीन माह) की अवधि के लिए **REAP के Retroactive Fund** अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य योजना व बजट समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः—

Rural Enterprise Acceleration Project(REAP)					
Budget Planning from January 2022 to March 2022(For 3 months)				**Amount (in Lakh)**	
Particulares	**Place**	**Unit**	**Unit Cost**	**Physical**	**Financial**
I. Investment Cost					
1. Project Management					
Startup Workshop		No	15.00	1	15.00
Provision for cloud-based subscription services & MIS Software		No.	15.00	1	15.00
Tally Software Customization		Lumpsum	7.00	-	7.00
Advertisement Expenditure(Tender)		Lumsum	10.00	-	10.00
Subtotal				**2**	**47.00**
II. Recurring Cost					
1. Salary and allowances					**446.82**
Sub total					**446.82**
HILANS-Promotion, Premium Packing, Marketing etc	LS	LS	-	-	**207.00**
Grand total					**700.82**

समिति द्वारा उपरोक्त घटकों का उपघटकवार बजट प्राविधान का अवलोकन कर उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्य योजना एवं बजट को अनुमोदित किया गया।

HPC-1: कार्यवृत्त 6–REAP परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना व बजट का अनुमोदन।

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि IFAD के Design Mission द्वारा REAP परियोजना की Detailed Project Report (DPR) तथा Project Implementation Mannual (PIM) तैयार करते समय वर्ष 2022–23 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट भी तैयार किया गया है। बजट के मुख्य घटक निम्नानुसार है तथा बजट का विस्तृत विवरण भी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः–

Rural Enterprise Acceleration Project (REAP) – India Annual Work Plan and the Budget – 2022-2023	
Component	**Budget planned 2022-23 (in crore)**
Component 1 Inclusive cluster development	
Sub-component 1.1 Livelihoods diversification and enterprise development	8.51
Sub-component 1.2. Institutional strengthening of CBOs and partnerships	10.36
Component 2 Ecosystem and enabling services for enterprise development	-
Sub-component 2.1 Strengthening Support services and market infrastructure	3.80
Component 3 Project Management, M&E & KM	39.35
Sub Total	**62.03**
Rural Financial Services	249.96
Grand Total	**311.99**

समिति द्वारा वर्ष 2022–23 की वार्षिक कार्ययोजना का अवलोकन कर उपरोक्तानुसार घटकवार बजट का अनुमोदन प्रदान किया गया।

HPC-1: कार्यवृत्तः7–REAP परियोजना के ढांचे में रेखा विभागों यथा– कृषि, उद्यान, पशुपालन, मतस्य व डेयरी आदि के Class-1/Class-2 स्तर के 03 पदों की स्वीकृति हेतु अनुमोदनः–

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि REAP परियोजना की वित्तीय संरचना में रू0 352. 88 करोड के convergence का प्राविधान है। उक्त convergence रेखा विभागों मुख्यतः कृषि, उद्यान, पशुपालन, मतस्य व डेयरी से होगा। जिसके क्रम में REAP परियोजना के ढांचे में ex-officio मुख्य कार्यकारी अधिकारी, USRLM को निदेशक, Convergence, REAP रखा गया है।

उपरोक्त रू0 352.88 करोड के convergence के facilitation हेतु उक्त रेखा विभागों–कृषि, उद्यान, पशुपालन, मतस्य व डेयरी आदि से Class-1/Class-2 स्तर के 03 अधिकारियों को रखे जाने हेतु REAP की DPR के अन्तिम चरण में REAP के structure में प्रस्तावित किया गया था। उक्त पर IFAD की country coordinator श्रीमती मीरा मिश्रा द्वारा उक्त पदों को REAP हेतु ऋण अनुबन्ध निष्पादन/परियोजना क्रियान्वयन प्रारम्भ होने के समय प्रस्तावित करने का सुझाव दिया गया।

समिति द्वारा उपरोक्त रेखा विभागों के Class-1/Class-2 स्तर के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर रखें जाने के लिये 03 पदों की स्वीकृति के उपरोक्त प्रस्ताव पर पदों के नियमानुसार सृजन हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

HPC-1: कार्यवृत्तः8— एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के Closure की स्थिति (Status)

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की गतिविधियों का कियान्वयन दिनांक 31.03.2021 को पूर्ण हो चुका है। ILSP परियोजना की Project Completion Report (PCR) को IFAD के मिशन द्वारा दिनांक 01 से 15 सितम्बर 2021 के मध्य परियोजना क्षेत्र का भ्रमण करने के उपरान्त अन्तिम रूप प्रदान कर IFAD के मुख्यालय को भेजा जा चुका है। Inspire संस्था द्वारा माह अक्टूबर में परियोजना क्षेत्र का भ्रमण कर परियोजना के End Term Survey को Complete कर Survey Report माह नवम्बर 2021 में उपलब्ध करायी जा चुकी है। इसी क्रम में परियोजना कार्यो का ICAR की संस्था NIAP के द्वारा Third Party Evaluation कराने के उपरान्त रिपोर्ट माह नवम्बर 2021 में प्राप्त हो चुकी है। NIAP की रिपोर्ट IFAD को भेजने पर IFAD द्वारा उक्त Reports संतोषजनक पायी गयी है।

उपरोक्त के क्रम में वर्ष 2021—22 की संशोधित कार्ययोजना के सापेक्ष प्रगति सहित ILSP की सम्पूर्ण प्रगति का संक्षिप्त विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ निम्नानुसार प्रस्तुत किया गयाः—

AWPB 2021-2022				Amount in Lakh
Tally Code	Component	AWPB 2021-2022	Achievment	
	Sub-Component	Amount	Amount	%
G1	FOOD SECURITY & LIVELIHOOD ENHANCEMENT	714.71	713.95	99.89
G2	PARTICIPATORY WATERSHED MANAGEMENT	525.89	520.41	98.96
G3	LIVELIHOOD FINANCE - UPASaC	107.73	93.62	86.90
	Sub Total	1348.33	1327.98	98.49
G4	PROJECT MANAGEMENT			
G41	Central Project Coordination Unit	218.56	193.84	88.69
G42	M&E and KM-UGVS	43.45	42.67	98.20
G43	M&E and Knowledge Management (WMD)	29.52	28.95	98.07
	Sub Total	291.53	265.46	91.06
Total		1639.86	1593.434	97.17

इसी क्रम में ILSP के वित्तीय वर्ष 2021—22 के लेखा की अंकेक्षित रिपोर्ट (Audited Report) समिति के अवलोकनार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गई।

समिति उपरोक्तानुसार ILSP के Closure के Status से अवगत हुई एवं वर्ष 2021–22 की उपरोक्तानुसार संशोधित कार्ययोजना तथा वर्ष 2021–22 के ILSP के कार्यो की Audited Report को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

एजेन्डा के बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त मुख्य परियोजना निदेशक, UGVS-REAP, डा0 आर0मीनाक्षी सुन्दरम् द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थित प्रतिनिधिगण व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।

(डा0 आर0मीनाक्षी सुन्दरम्)
मुख्य परियोजना निदेशक,UGVS- REAP
एवं सदस्य सचिव,
HPC/Steering Committee -REAP

(डा0एस0एस0सन्धू)
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, **HPC/Steering Committee -REAP**

ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना
Rural Enterprise Acceleration Project (REAP)
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
216 फेज़–II, पंडितवाड़ी, देहरादून–248007, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांकः 12 /1-HPC-REAP/2021–22 दिनांक 04/01/2022

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, जलागम, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
5. सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
7. सचिव, कार्मिक, उत्तराखण्ड शासन।
8. सचिव, नियोजन, उत्तराखण्ड शासन।
9. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
10. आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड।
11. परियोजना निदेशक, **UGVS-REAP.**

(डा0 आर0मीनाक्षी सुन्दरम्)
मुख्य परियोजना निदेशक,UGVS- REAP एवं
सदस्य सचिव,
HPC/Steering Committee -REAP